प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 24.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

राज्य में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब तक विभिन्न एजेन्सियों द्वारा 150 करोड़ रूपये मूल्य से ज्यादा की अवैध सामग्री जब्त की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग–अलग एजेंसियां, चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। इन एजेन्सियों द्वारा 16 मार्च से नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं और अवैध नकद राशि की जब्तियां की जा रही है। श्री गुप्ता ने बताया कि 7 जिलों में 10–10 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं अथवा नकद बरामद हुआ है। सबसे अधिक लगभग साढे इकत्तीस करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती जोधपुर में हुई है। इसके अलावा पाली, जयपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, गंगानगर और बाड़मेर जिलो में भी बडी मात्रा में जब्ती की जा चुकी है।

....

रंगो का त्यौहार होली प्रदेशभर में उल्लास और उमंग के साथ मनाई जा रही है। आज रात को शुभ मुहुर्त में पारम्परिक रूप से होलिका दहन किया जायेगा, जबकि कल धुलंडी पर रंग और गुलाल के साथ होली खेली जायेगी। बच्चों और युवाओं में होली मनाने के लिये विशेष उल्लास देखा जा रहा है। बाजारों में गुलाल और पिचकारियों से दुकानें सजी हुई हैं। होली को इको फ्रेंडली बनाने और बिना पानी की होली खेलने को लेकर भी लोगों में जागरूकता दिखाई दे रही है। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में भी होली को पारम्परिक रूप से मनाये जाने को लेकर तैयारियां जोरो पर है। भरतपुर से लगते ब्रज क्षेत्र में होली को लेकर लोगों का उल्लास चरम पर है। शेखावाटी क्षेत्र के जिलो में गैर खेलने और गिंदड नृत्य को लेकर लोग उत्साहित दिखाई दे रहे है। वहां चंग की थाप पर पारम्परिक रूप से होली के आयोजन हो रहे है।
चूरू के सरदार शहर में होली पर आज सुबह शोभा यात्रा निकाली गई। जिले के रतन गढ़ में गिंदड नृत्य आयोजन के साथ हास्य कवि सम्मेलन रखा गया। बूंदी में होली पर मंदिरों में भगवान के साथ होली खेली जा रही है। वहां भक्त रसिया गीत गाकर बधाई लुटा रहे है।
कोटा में सुबह बांके बिहारी की परिक्रमा निकाली गई। इसमें बडी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान झाकियां भी सजाई गई। दूसरी ओर प्रदेश की पाकिस्तान से लगती सरहद पर बीएसएफ के जवान भी होली को लेकर उत्साहित है। जवान एक दूसरे को रंग लगा और मुंह मीठा कराकर होली की बधाई दे रहे है।

....

जयपुर में बस्सी के पास बैनाड़ा मे केमिकल फैक्ट्री हादसे में मजदूरों की मौत के 12 घंटे बाद भी स्थानीय लोगों के विरोध के कारण अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है। घटना से गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने फेक्ट्री के बाहर धरना दे रखा है और फेक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग रखी है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे है। गौरतलब है कि कल शाम बॉयलर फटने से हुई दुर्घटना में 6 मजदूर मारे गये थे और दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। बैनाडा के आबादी क्षेत्र में संचालित इस रासायनिक फैक्ट्री में रोड़ और बिल्डिंग निर्माण में काम आने वाले केमिकल को बनाया जाता है।

....

असम राईफल्स ने कल अपना 189 वां स्थापना दिवस मनाया। सीकर में आयोजित कार्यक्रम में बटालियन से जुडे पूर्व और मौजूदा फौजियों ने परिवार सहित शिरकत की। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल मानधाता सिंह ने सभी जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान लोक कलाकारों की मंडली ने आकर्षक प्रस्तुती दी।

....

रेल्वे की एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत कोटा स्टेशन पर कोटा डोरिया साड़ी और सूट स्टॉल पर अब तक 30 लाख रूपये के माल की बिक्री की जा चुकी है।
स्थानीय बुनकरों को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान द्वारा संचालित इस स्टॉल के पुनः संचालन के लिए 28 मार्च तक आवेदन आंमत्रित किये गये है।

....

आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजॉइट्न्स के बीच मुकाबला होगा। एसएमएस स्टेडियम में दोपहर बाद साढे तीन बजे शुरू होने वाले इस मैच को लेकर शहर के क्रिकेट प्रेमियों में रोमांच का माहौल है। कप्तान संजू सेमसन की अगुवाई में राजस्थान रॉयल्स के हौंसले बुलंदी पर है, जबकि लखनऊ सुपर जॉईन्ट्स की टीम भी जोश से लबरेज है। दोनो टीमों के बीच अब तक खेले गये कुल तीन मैचों में रॉयल्स ने दो में जबकि लखनऊ ने एक में जीत हांसिल की है।

....

राज्य के पश्चिमी इलाकों के ऊपर आज एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस तंत्र के प्रभाव से बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन और बिजली चमकने के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है।

....